तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 29.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार,10 जून 2025

12 भाजपा हर बूथ पर 20 पौधे रोपेगी


12 योग से छात्रों को रिलैक्स रहने के लिए टिप्स


## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए –नारायणगढ़ ने आरोपी मोहम्मद जुनैद को 55 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर काबू किया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 55 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया है।

### हवाई फायर करने का आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट व हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी परवेश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता अमित ने 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुमित व अन्य ने गांव बब्याल में उससे मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेवारी सीआईए-2 को दी थी।

### ट्रेन में यात्री के लाखों के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन में कानपुर से चंडीगढ़ के लिए सफर कर रहे राधा किशन गुप्ता की पत्नी रीता गुप्ता का हैंडबैग चोरी हो गया। जीआरपी को दी शिकायत में राधा किशन गुप्ता निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह पांच जून को पत्नी के साथ हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित भतीजी की शादी में जाने के लिए ऊंचाहार एक्सप्रेस में सवार थे। उसकी पत्नी रीता गुप्ता के पास हैंड बैग था। पुरानी दिल्ली व पानीपत के बीच चोरों ने बैग चोरी कर लिया। बैग में आईफोन समेत दो मोबाइल, तीन सोने की अंगूठियां, सोने की चेन, बालिया व 50 हजार रुपए कैश था।

### हादसे में घायल इंजीनियर की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर बाइक की टक्कर लगने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक द्विवेदी निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश की मौत हो गई। वहीं अभिषेक अपने दोस्तों के साथ मनाली से घूमकर वापस ग्वालियर लौट रहा था। रास्ते में सभी खाना खाने के लिए रुके थे। बस से उतरने के दौरान अभिषेक को तेज रफ्तार आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# सोमवार को दिनभर आसमान से बरसती रही आग, भीषण गर्मी के कारण हाल बेहाल हुए लोग, पारा पहुंचा 40 डिग्री के पार

## गर्मी की तपिश के कहर से सुनसान हुए बाजार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भीषण गर्मी के कहर से जिलेवासी हाल बेहाल हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह होते ही आसमान से आग टपकने लगती है। जिससे दिन प्रतिदिन मौसम में तापमान में वृद्धि हो रही है और लोग गर्मी की तपिश से हलकान हो रहे हैं। गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बाजार दोपहर के समय सूनसान रहने लगे हैं। वहीं, भीषण गर्मी के चलते दिन तापमान में वृद्धि हो रही है। सोमवार को तापमान अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री पहुंच गया।



यमुनानगर में सोमवार को दोपहर के समय गर्मी में सूनसान पड़ा जगाधरी रेलवे स्टेशन।

### बेल के जूस की बढ़ी डिमांड

गर्मी से राहत पाने के लिए सोमवार को अधिकांश लोगों ने बेल का जूस व अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबु पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग उमस बनने से बेहाल रहे।



यमुनानगर। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर इक्का दुक्का गुजरते वाहन चालक।

### जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

सोमवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और मौसम में उमस बन गई। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया। वहीं, गर्मी की तपिश के कारण रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंड पर यात्री ना के बराबर रहे। आलम यह था कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री गर्मी से राहत पाने के लिए यहां वहां भटकते रहे। वहीं, बाजार व सड़कें भी दोपहर के समय सूनसान हो गए। गर्मी की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त होकर रह गया।

### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमीर का कहना है कि गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदार्थों के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।

दस लाख लीटर प्रतिदिन साफ होगा पानी, 140 किमी. लंबी सीवरेज लाइन से जोड़ें जाएंगे घर

# 15 करोड़ से बने एसटीपी का उद्घाटन, विज बोले, 15 हजार परिवारों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के बब्याल में 15 करोड़ रुपए की लागत से 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन हो गया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस एसटीपी के चालू होने से बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। काफी समय से इस योजना पर काम चल रहा था। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल विज का नगर परिषद अधिकारियों व भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि यह ट्रीटमेंट प्लांट कई कॉलोनियों में लगभग 140 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन से जुड़े 15 हजार घरों को सीवरेज सुविधा पहुंचाएगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आधुनिक एसबीआर तकनीक पर तैयार किया गया है जोकि भविष्य के 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।





अंबाला। एसटीपी का उद्घाटन करते हुए मंत्री अनिल विज व मौजूद लोग।

इस ट्रीटमेंट प्लांट से पानी ट्रीट होने के बाद टांगरी नदी में छोड़ा जाएगा।

विज ने कहा कि कलरहेड़ी से मच्छौड़ा तक 341 करोड़ रूपए की लागत से 370 किलोमीटर सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा हैं। सीवरेज लाइन के बिछने से शहर को गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जहां पर लाइन बिछ चुकी हैं वहां लोग सीवरेज कनेक्शन लें तभी प्रोजेक्ट का फायदा मिलेगा।

### इन कॉलोनियों को मिलेगी सुविधा

इन कॉलोनियों को मिलेगी सुविधा विज ने बताया कि बब्याल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आप्रेशनल होने से टुंडला मंडी, कलरहेड़ी, डिफेंस कॉलोनी के सेक्टर ए, बी, सी व डी के अलावा बाले का नगला, डिफेंस इन्कलेव, बोह, आनंद नगर, दलीपगढ़, बब्याल, कृष्णा नगर, श्याम नगर, अर्जुन नगर, वशिष्ठ नगर व अन्य कॉलोनियों के 15 हजार घरों को सुविधा पहुंचाएगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कलरहेड़ी से लेकर मच्छौड़ा तक 341 करोड़ रूपए की लागत से 370 किलोमीटर सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा हैं।

### चार प्लांट का हो रहा निर्माण

मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर बताया कि अंबाला छावनी में बेहतर सफाई व स्वच्छता के लिए सीवरेज लाइन डाली जा रही है इससे छावनी को गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि बब्याल में ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है जबकि 12 क्रॉस रोड, मच्छौड़ा तथा गांव खुड्डा में भी जल्द ट्रीटमेंट प्लांट को तैयार कर इसे चालू किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, ललता प्रसाद, मदन लाल शर्मा, नरेंद्र राणा, मंडल प्रधान विकास बहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा व प्रवेश शर्मा के अलावा पूर्व मंडल प्रधान किरण पाल चौहान, विजेंद्र चौहान सहित डिंपल राणा, बिल्लू राणा, बलजिंद्र पाल, संजीव अत्री, हिमांशु सिंह, दीपक भसीन, अजय बवेजा, भरत कोछड़, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, श्याम सुंदर अरोड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना भी मौजूद रही।




कुरुक्षेत्र। प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्या की बैठक को संबोधित करते आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा।

## योग मैराथन बनाएगी नया रिकॉर्ड: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा खेल विभाग एवं आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर होने वाली योग मैराथन हरियाणा का नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस योग मैराथन का राज्य स्तरीय आयोजन 15 जून को कुरुक्षेत्र में होने जा रहा है। इस योग मैराथन में 25 हजार से ज्यादा लोग, योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के लिए दौड़ लगाएंगे। इस मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेवारी सौंप दी गई है। आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों, पार्षदों और कॉलेज प्राचार्या की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले महानिदेशक संजीव वर्मा ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से योग मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए विचार विमर्श साझा किया। उन्होंने कहा कि मैराथन में हिस्सा लेने के लिए गुगल फॉर्म तैयार किया जा रहा है। जो युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेगा उसको सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा। जिसके लिए उन्हें सेल्फी लेकर अपडेट करनी होगी। इसके अलावा जिला प्रशासन की तरफ से उपहार भी दिए जाएंगे।

## लाइनमैन के निलंबन के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा में बिजली निगम में लाइनमैन जितेन्द्र के निलंबन के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सोमवार को कर्मचारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेता शेखर शर्मा की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन का संचालन सब यूनिट सचिव अशोक लाइनमैन ने किया।

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की स्थानीय यूनिट प्रधान सुरेन्द्र दूहन ने बताया कि मनाना गांव में एक किसान की बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से मौत के मामले में जितेन्द्र को निलंबित किया गया।

**चेतावनी**

**टूटे तार की चपेट में आने से मौत के मामले में जितेन्द्र को निलंबित किया, कर्मचारियों ने चेतावनी दी बहाल नहीं किया, तो काम छोड़कर धरना देंगे**

उन्होंने कहा कि जितेन्द्र की उस दिन वहां ड्यूटी ही नहीं थी। यूनियन ने एसडीओ को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। यदि इस दौरान जितेन्द्र को बहाल नहीं किया, तो सभी कर्मचारी काम छोड़कर पूरा दिन शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन करेंगे।



कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज सोमवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करती हुई।

### सीजेएम ने किया वन स्टॉप सेंटर व सेफ हाउस का निरीक्षण

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सैंटर कुरुक्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज सोमवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करने उपरांत वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को देखा तथा विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना, वहाँ की साफ सफाई का जायजा लिया और इस दौरान उनके रजिस्टर भी चैक किए। इसके उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने सेफ हाउस कुरुक्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां पर उन्होंने मौजूद कपलस से बातचीत की उनकी समस्याएं जानी। सीजेएम ने सेफ हाउस की साफ सफाई व उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया। उन्होंने सेफ हाउस में रहने वाले कपलस को डीएलएसए के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### बाल दिवस-2024 का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 13 को

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा बाल दिवस-2024 के उपलक्ष में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह 13 जून, 2025 को करनाल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में होगा। सोमवार को इस कार्यक्रम के संबंध में करनाल सीटीएम मोनिका ने बाल कल्याण परिषद के अधिकारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि डीसी करनाल एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 13 जून,2025 को करनाल के मंगल सेन सभागार में आयोजित होगा।

**राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री की पत्नी करेंगी शिरकत**

### व्यक्ति ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने महिला को प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। 34 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गुरप्रीत सिंह के साथ जान पहचान थी। आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। एक जनवरी 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। वह एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। जिसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ संबंध बनाता रहा।

## ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का झांसा दे ज्वेलर से ठगे 85 हजार रुपये

**बराड़ा।** कस्बे में स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से दो शातिर ठगों ने ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर लगभग 85 हजार रुपये की दो अंगूठियां ठग ली। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ज्वेलर अमन गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जून को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक कार में सवार दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए। उनमें से एक युवक ने स्वयं को अंबाला के निवासी बताया। कहा कि उसकी साली की शादी की सालगिरह है। उसके लिए उसे एक लाख रुपये तक की दो अंगूठियां खरीदनी हैं। एक पुरुष और एक महिला के लिए। युवकों ने 85,882 रुपये की दो अंगूठियां पसंद की। भुगतान के लिए पहले उन्होंने गूगल पे करने की बात कही लेकिन फिर एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना बेहतर बताया। ज्वेलर द्वारा बैंक खाता नंबर देने पर युवकों ने मोबाइल स्क्रीन पर ट्रांजेक्शन सफल दिखाते हुए अपने बैंक खाते का बैलेंस भी दिखाया। कुछ समय बीतने के बाद भी जब अमन के खाते में भुगतान नहीं आया तो उन्हें ठगी का संदेह हुआ। उन्होंने युवक को फोन किया तो उसने कहा कि यदि पैसे ट्रांसफर नहीं हुए हैं तो वह नकद में भुगतान कर देगा। लेकिन कई दिन बीतने के बावजूद न तो नकद भुगतान हुआ और न ही कोई संपर्क हो पाया।

**ठगी**

**दो अंगूठियां लेकर फरार हुए शातिर, पुलिस ने दर्ज किया केस**

स्वीमिंग करने वालों ने विज को दी मामले की शिकायत, तुरंत हरकत में आए मंत्री

# बंद पड़ा था ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, विज के ऐतराज पर खेल मंत्री ने तुरंत चालू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में बंद पड़े ऑल वेदर स्वीमिंग पूल को लेकर मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लिया है।

उन्होंने स्वीमिंग करने वाले बच्चों से मुलाकात करते बंद पड़े पूल को चालू करने के लिए खेल मंत्री गौरव गौतम से बात की।विज ने बताया कि "कुछ बच्चे मेरे पास आए थे जिन्होंने बताया कि वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑल वेदर स्वीमिंग पूल नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा यह स्वीमिंग उन्होंने बनवाया था। वह सुनकर हैरान हो गए कि बच्चे स्वीमिंग पूल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। यह बंद हो गया है"। इस मामले में उन्होंने राज्य के खेल मंत्री गौरव गौत्तम से फोन पर बात की और कहा कि यह गलत बात है। इसलिए आप इस पर संज्ञान लें तथा अब तक स्वीमिंग पूल बंद व इसका टेंडर नहीं होने पर जिला खेल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। मंत्री अनिल ने कहा कि अब कम समय में टेंडर नहीं हो सकता इसलिए उन्होंने खेल मंत्री से अनुरोध किया कि स्वीमिंग पूल को सरकार द्वारा स्वयं चलाना चाहिए। मंत्री गौरव गौत्तम ने कहा कि "विज साहब आप बच्चों को कह दो कि शाम से स्वीमिंग पूल चालू हो जाएगा। सरकार इस स्वीमिंग पूल को स्वयं चलाएगी"।

### स्वीमिंग पूल आधुनिक सुविधाओं से लैस



गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का निर्माण किया गया था। यह स्वीमिंग आधुनिक सुविधाओं से लैस है जिसमें सर्दी में भी स्वीमिंग की जा सकती है। स्वीमिंग पूल के साथ एक वार्मअप स्वीमिंग पूल भी बनाया गया है। इस स्वीमिंग पूल में खेलों इंडिया व अन्य राष्ट्रीय स्तर के कई मुकाबले हो चुके हैं। मगर इन गर्मियों में स्वीमिंग पूल चालू नहीं होने पर खिलाड़ियों को मायूसी हो रही थी जिस पर मंत्री अनिल विज ने संज्ञान लिया।

## पति ने पत्नी पर किया बैट से हमला, 30 टांके लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक पति ने पत्नी को क्रिकेट बैट से बड़ी बेरहमी से पीटा। महिला के सिर पर 30 टांके लगे हैं। वहीं उसके शरीर पर अन्य हिस्सों पर भी चोट आई है। घटना अंबाला के बब्याल के टंकी वाले मोहल्ले की है। झगड़े के चलते आरोपी पति ने पत्नी पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया। दोनों पति-पत्नी अलग रहते हैं। पत्नी की ओर से पिछले महीने पति को तलाक का नोटिस भेजा गया था। इस बात से वह रंजिश में था। सोमवार को आरोपी पति ने पत्नी को बात करने के लिए अकेले अपने घर बुलाया था। जैसे ही महिला घर पहुंची तो आरोपी पति ने उसपर बैट से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल महिला की पहचान 29 वर्षीय मनप्रीत के तौर पर हुई है। उसका आरोपी पति प्रदीप फरार है। घायल मनप्रीत को उपचार के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। उसके दोनों बाजुओं में भी नील पड़े हुए हैं। बाजू तो दूसरे हाथ में जोड़ के एक्स-रे करवाए जा रहे हैं।

घायल मनप्रीत ने बताया कि वह बब्याल में ही टंकी वाली गली में रहती है। उसकी लव मैरिज 2011 में प्रदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद एक बेटा व एक बेटी हैं। आपसी झगड़े के चलते कई बार थाने में शिकायत दे चुकी है।

**बेरहमी**

**घटना अंबाला के बब्याल के टंकी वाले मोहल्ले की**

## खबर संक्षेप

### योग एवं जीवन निर्माण शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र और आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संयुक्त तत्त्वाधान में गुरुकुल परिसर में पांच दिवसीय आर्यवीर योग एवं जीवन निर्माण शिविर का राज्यपाल आचार्य देवव्रत के ओएसडी एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान डा. राजेन्द्र विद्यालंकार द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि आर्यवीर दल के शिविरों का मुख्य उद्देश्य युवाओं के जीवन का निर्माण करना है क्योंकि आज देश के युवाओं सही मार्गदर्शन की महती आवश्यकता है, यदि देश के युवा सही दिशा में अपनी ऊर्जा का उपयोग करें तो वह न केवल स्वयं महान्ता की श्रेणी को प्राप्त करेगा बल्कि देश को भी उन्नति की ओर लेकर जाएगा।

### बैठक में आंदोलन के बारे किया विचार विमर्श

**कुरुक्षेत्र।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की एक बैठक जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला चेयरमैन जितेन्द्र बंसल ने किया जिसमें विशेष रूप से आने वाले आंदोलन, सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया गया। 9 जुलाई राष्ट्रव्यापी हड़ताल की बात हो चाहे 15 जुलाई 2025 को रिटायर कर्मचारी संघ के उपायुक्त कार्यालयों पर धरने की बात हो या फिर 17 सितंबर 2025 को दिल्ली जंतर-मंतर पर रिटायर कर्मचारी संघों द्वारा राष्ट्रव्यापी धरने का कार्यक्रम हो, पूरी तैयारी के साथ आंदोलन में भाग लेंगे।

### धार्मिक स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता

**पिहोवा।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के नवनियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी आज संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सचिव महंत विश्वनाथ गिरी से आशीर्वाद लिया। पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से पूजन अर्चन करवाया। तुषार सैनी ने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहद गंभीर है। इस दौरान मंदिर सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने अरुणाय धाम से लेकर एनएच 152 तक सड़क निर्माण की मांग पर चर्चा की। सरकार के समक्ष प्रक्रिया में है। यदि सड़क बनती है तो मेले के समय जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा।

### 30 दिन में पशु डेयरियों को शिफ्ट करने को कहा

# विधायक ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

**मेयर रेनू बाला गुप्ता रहीं मौजूद, अफसरों से ली शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। समीक्षा बैठक लेते विधायक जगमोहन आनंद, साथ में मेयर रेणू बाला गुप्ता और संबंधित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने आज करनाल में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में करनाल नगर निगम की मेयर रेणु बाला गुप्ता एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद ने नगर निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सकें।

विधायक ने कहा कि पार्षदों द्वारा सुझाए गए कार्यों की प्रगति की समय-समय पर जांच की जाए। पार्षदों के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और उनके समाधान में किसी प्रकार की देरी न की जाए। सभी कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। इन विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए जाएं। इसके साथ ही निगम की जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा न होने दिया जाए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में फैले तारों के जाल का सर्वे करवा कर जल्द सुधार कार्य किया जाए। स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी स्ट्रीट लाइट्स को चालू कर दिया जाए।

#### समाधान शिविर लगाने के दिए निर्देश

विधायक जगमोहन आनंद ने राम नगर क्षेत्र में मेयर रेनू बाला गुप्ता व नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाने के निर्देश दिए, ताकि लाइनपार क्षेत्र वासियों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा सके।

#### विकास कार्यों में पार्षदों की निगरानी जरूरी

बैठक के दौरान नगर निगम की मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण संबंधित पार्षदों द्वारा किया जाना चाहिए ताकि उन्हें अपने वार्ड की प्रगति और कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। इससे कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी।

#### नगर निगम आयुक्त ने दी जानकारी

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहर की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही, सडकों को गड्ढा मुक्त बनाने का कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा शहर में नालों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई भी नियमित रूप से की जा रही है। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### 30 दिन में पशु डेयरियों को हटाने के निर्देश

विधायक जगमोहन आनंद ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कि शहर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। यदि कहीं जलभराव की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर में स्थित पशु डेयरियों को 30 दिनों के भीतर स्थानांतरित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



घरौंडा। अफसरों के साथ बैठक करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

## बारिश से पहले सभी नालों की साफ-सफाई के निर्देश

- कल्याण ने अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बरसात के सीजन से पहले हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण शहर से पानी की निकासी, जलभराव सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर एक्शन मोड में आ गए हैं। जिसको लेकर हरविन्द्र कल्याण ने बरसात के मौसम में आने वाली हर समस्याओं पर स्थानीय अधिकारियों से विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में हो रहे विकास कार्यों पर पूरा फोकस होना चाहिए ताकि लोगों की मूलभूत जरूरतों से जुड़े विकास कार्य जल्द पूरे हो सके। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण स्थानीय विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग से शहर में जलभराव की जानकारी ली और स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि बारिश में किसी स्थान पर जलभराव नहीं होना चाहिए, इसकी व्यवस्था पहले से ही होनी चाहिए। इसी के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग से अंडरपास के ऊपर शेड के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही अंडरपास के ऊपर शेड लगाया जाएगा, ताकि लोगों को समस्या से निदान मिले। अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नगरपालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा से शहर की सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई के बारे में जानकारी ली और कहा कि बारिश से पहले शहर के सभी नालों की सफाई होनी चाहिए व शहर में किसी स्थान पर जलभराव नहीं होना चाहिए।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नपा ने चलाया जल संरक्षण अभियान

- शिविर में स्वच्छता पखवाड़ा 21 जून तक चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





तरावड़ी। मोटिवेटर लोगों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करते हुए।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के अंतर्गत शहर तरावड़ी में जल बचाओ अभियान के रूप में जल संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अभियान के दौरान व्यर्थ बह रहे जल के बारे में नगर पालिका के मोटिवेटर राजवंती और परविंदर सिंह ने लोगों को मोटिवेट किया कि वह जल को ऐसे ही व्यर्थ ना बहने दे । उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा जिन घरों मे जल विभाग की तरफ से पानी के कनेक्शन है और किसी कारणवश वहां पर टुंटियां नहीं लगी है तो वहां पर टुंटियां लगवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा यदि इन जगहों पर इसी तरह से पानी व्यर्थ बहता रहा तो इससे भविष्य में पीने के पानी की समस्याएं उत्पन्न होगी । दूसरा जिन घरों में टुंटियों का स्तर ऊंचाई पर है उन घरों में पानी का पहुंचना अत्यंत मुश्किल हो जाता है और इस वजह से इन घरों को पानी न मिलने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है । पानी व्यर्थ बहने की वजह से नालियों में पानी की मात्रा बढने से नालियों का पानी गलियों में आ जाता है। जिसके कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो जाती है। इस कारण से आवागमन भी बाधित होता है । भविष्य में इन सभी समस्याओं से बचने के लिए हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि हम पानी की बचत करें और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करें ।

## किसानों ने डीसी को सीएम के नाम ज्ञापन दिया

- मामला अवैध खनन का करनाल के गांवों में, किसान में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। अवैध खनन के खिलाफ रोष मार्च निकालकर ज्ञापन देने जाते किसान।

प्रशासन की लगातार अनदेखी के चलते भाकियू के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अगुवाई में शहर के महात्मा गांधी चौंक से करनाल के मिनी सचिवालय तक रोष प्रदर्शन निकाला गया। डीसी को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा इसमें जो किसानों के खेतों में कुछ जगहों पर जब्री तौर से रेत डाल दिया गया है। जिसका विरोध करके रोक दिया गया है। उसकों आने वाले 10 दिनों के भीतर उठाया जाए। ताकि किसान धान की फसल की रोपाई कर सके। अन्यथा किसान उस रेत को उठाने के लिए बाध्य होंगे , मुस्तफाबाद गांव में जिस भूमि पर रेत का स्टॉक किया जा रहा है। उसके साथ बिलकुल राजकीय प्राईमरी पाठशाला व आंगनबाडी भी है। गांव का आबादी क्षेत्र भी सटा हुआ है। जिसके चलते भयावह स्थिति बनती जा रही है। इसका समाधान किया जाए। . यह है कि जो हाल वक्त यमुना नदी में अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है। जिसके साथ साथ यमुना नदी के प्राकृतिक अस्तिव को भी नष्ट किया जा रहा है। जिसकी वजह से यमुना नदी की पटडी टूटने का गत वर्ष की तरह कारण बनता दिखाई पड़ रहा है। बाढ़ आने की स्थिति में सभी प्रकार का जानमाल नुकशान हो सकता है। उसका जिम्मेंदार कोन होगा। यह तय किया जाए।. मुस्तफाबाद गांव, डाकवाला रोडान, डाकवाला गुजरांन सहित आसपास के कई गांव की सडके भारी डंफरों के चलने से तहस-नहस हो गई है। लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस स्थिति के चलते जीवन बसर करना मुश्किल हो गया है। इसकी जिम्मेंदारी तय की जाए। यह है कि आज के प्रदर्शन में किसानों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया जाता है कि इस मामले में जिला प्रशासन किसी प्रकार से जब्री रवैया न अपनाए। किसी भी स्थिति में यहां जानमाल का नुकशान हो सकता है। जिसकी सीधे तौर पर संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारी जिम्मेंदार होंगे। इसलिए सर्वसम्मति से यह ज्ञापन पास करके जिला उपायुक्त उत्तम सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को उचित समाधान हेतू भेजा गया है। ज्ञापन की प्रति डीसी की अनुपस्थिति में एसडीएम अनुभव मेहता को सौंपा गया। इस अवसर पर अंबाला जिला के कार्यकारी प्रधान रूप सिंह, यमुनानगर प्रधान सुभाष गुर्जर, कुरूक्षैत्र प्रधान मदनपाल, करनाल प्रधान सुरेंद्र घुम्मन, जींद प्रधान बारूराम, शाम सिंह मान, सुरेंद्र सागवान, सहित काफी संख्या में किसान शामिल थे।

## योग दिवस के लिए 13 को होगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आयुष विभाग की ओर से 21 जून को आयोजित किये जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। सभी विभागों में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का आयोजन 13 जून को प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक सेक्टर-12 करनाल में स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भाग लेना सुनिश्चित करेगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से नगराधीश एवं नोडल अधिकारी मोनिका शर्मा द्वारा निर्देश जारी किए गए। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने दी और बताया कि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम सुबह 7 से 8 बजे के बीच अनाज मंडी करनाल में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 20 जून को पायलट रिहर्सल अनाज मंडी में सुबह 7 से 8 और योग मैराथन का सुबह 6 बजे एनडीआरआई चौक पर आयोजन किया जाएगा जोकि गीता द्वार से होते हुए एनडीआरआई चौक पर वापिस पहुंचेगी। 12 जून से 14 जून तक खंड स्तर पर भी कर्मचारियों-अधिकारियों, पंच-सरपंचों इत्यादि को योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग योग संस्थाओं के प्रशिक्षकों और आयुर्वेद विभाग के योग सहायकों द्वारा दी जायेगी। इसके बाद 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर फव्वारा चौक में दी जाने वाली ट्रेनिंग में जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा।

## शहर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की साफ-सफाई

- कर्ण लेक और पश्चिमी यमुना नहर के घाटों पर की गई साफ-सफाई
- दहा, बलड़ी और उचाना गांवों में मौजूद तालाबों का करवाया जा रहा नवीनीकरण : डॉ. वैशाली शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। शहर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की साफ-सफाई करती टीम।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम क्षेत्र में जल संरक्षण दिवस की गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत निगम की सेनीटेशन टीम, स्वच्छ भारत मिशन टीम व सफाई मित्रों ने नेशनल हाईवे-44 स्थित कर्ण लेक तथा पश्चिमी यमुना नहर के घाटों की सफाई अभियान के तहत साफ-सफाई की। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने गतिविधि की जानकारी देते बताया कि इसके लिए बनाई गई दो अलग-अलग टीमों ने कर्ण लेक व पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यू.जे.सी.) के घाट व आस-पास क्षेत्र की साफ-सफाई की, ताकि हमारे जलाशय व नहरें स्वच्छ बनी रहें। यह साफ-सुथरे होंगे, तो इनका जल भी स्वच्छ बना रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दहा, बलड़ी व उचाना गांवों में मौजूद तालाबों का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य करवा रहा है, ताकि तालाबों में स्वच्छ जल एकत्र किया जा सके। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण का अर्थ है, पानी का उपयोग कम करना और इसे बचाना। यह मीठे पानी के संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करता है कि पानी का उपयोग कुशलतापूर्वक किया जाए और भविष्य में पानी की कमी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि ताजा पानी एक सीमित संसाधन है और दुनिया में तेजी से बढ़ती जनसंख्या के साथ जल संरक्षण आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से ही जल की कमी से बचा जा सकता है, क्योंकि कई क्षेत्रों में यह एक गम्भीर समस्या है। जल संरक्षण से ही भविष्य में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। निगमायुक्त ने शहरवासियों से भी अपील करते कहा है कि वह जल संरक्षण के महत्व को समझें और अपने आस-पास के लोगों को इसके बारे में जागरूक करें और उन्हें पानी बचाने के लिए प्रोत्साहित करें। नागरिक टपकते नल और शौचालयों को ठीक करें। पानी के नल को इस्तेमाल के बाद बंद कर दें और नहाते समय कम पानी का उपयोग करें।



इंद्री। हलके के लोगो की समस्याऐं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

### विधायक कश्यप ने सुनी जनता की समस्याएं

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। यदि समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाए तो संबंधित व्यक्ति को उसका लाभ मिल सकता है। विधायक राम कुमार कश्यप ने बताया कि वे विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## अध्यापकों की कुशलता से निखरेंगे सरकारी स्कूल: धर्मपाल चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर प्रमाण-पत्रों के साथ प्रतिभागी अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में आयोजित की गई पांच दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हो गई। कार्यशाला में एफएलएन के तहत प्राथमिक शिक्षकों को हिन्दी, गणित, अंग्रेजी विषयों में बच्चों को निपुणता हासिल करवाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागी अध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी की। बीईओ धर्मपाल चौधरी ने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण का गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 और एफएलएन के तहत आयोजित प्राथमिक शिक्षकों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला अध्यापकों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ बच्चों, स्कूल व शिक्षा को केंद्र में रख कर आपसी संवाद स्थापित करने में कामयाब रही है। इसके अलावा विद्वान प्रशिक्षकों के ज्ञान और अनुभव का भी अध्यापकों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंद्री क्षेत्र के स्कूल अध्यापकों की कुशलता से और अधिक निखरेंगे। उन्होंने अध्यापकों को अपने स्कूल की कमियों को दूर करने का संदेश दिया।

### योग के प्रशिक्षण के साथ आर्य युवा शिविर का भव्य समापन

# आर्य युवा राष्ट्र निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया :**

- ▶▶ प्रथम स्थान : विवान (कॉन्वेंट स्कूल, कुंजपुरा रोड)
- ▶▶ द्वितीय स्थान : हेमांग (नव ज्योति विद्या मंदिर, स्प्रिंग विहार)
- ▶▶ तृतीय स्थान : अमृत (महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, दादूपुर)

आर्य केंद्रीय युवा परिषद द्वारा आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-6, करनाल में आयोजित आर्य युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। इस सात दिवसीय शिविर में कुल 76 बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें वैदिक संस्कृति, यज्ञोपवीत, योगासन, प्राणायाम, आत्मरक्षा, लाठी, दंड-बैठक आदि का सघन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का उद्घाटन पंडित राजीव आर्य और पंडित शिवप्रसाद द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। उन्होंने बच्चों को यज्ञोपवीत धारण करवाया और माता-पिता की सेवा का संकल्प दिलाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कहा, आर्य समाज का यह प्रशिक्षण शिविर राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। इन आर्य युवाओं की बदौलत भारत का नाम वैश्विक मंचों पर गौरव से चमकेगा।/" कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आनंद सिंह आर्य ने कहा कि सेक्टर-6 आर्य समाज मंदिर में प्रतिवर्ष इस प्रकार के संस्कार शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे युवाओं को वैदिक जीवन मूल्यों से जोड़ा जाता है। आर्य केंद्रीय युवा परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा ने कहा कि परिषद राष्ट्रभक्त युवाओं के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा पद्धति में नैतिकता और संस्कारों की जो कमी है, उसे आर्य समाज पूरा कर रहा है।विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने युवाओं की ऊर्जा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत के युवा विश्व को दिखा रहे हैं कि आने वाला समय भारत का है। शिविर के कैंप लीडर रोशन आर्य ने अपने उद्बोधन में जीवन में अनुशासन और सेवा भावना को सर्वोपरि बताया। जिला अध्यक्ष अजय आर्य ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। विकास आर्य के निर्देशन में आर्य बैचलरों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र कुकरेजा, रोशन आर्य, अजय आर्य, हरेंद्र चौधरी, लौकी अरोड़ा, धीरज गांधी, लाजपत राय, वेदमित्र आर्य, शांति प्रकाश आर्य, संगीतकार चोपड़ा, रामकुमार आर्य आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ तस्करी में दो पकड़े

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम 1 किलो 10 ग्राम अफीम के साथ पकड़े नशा तस्कर गांव पुसगमा जिला बदायू यूपी निवासी अभिषेक पुत्र चंद्र प्रकाश की निशानदेही पर सप्लायर गांव सादलापुर जिला बदायूं यूपी निवासी पुष्पाल को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी पुष्पाल ने बरामद अफीम नशा तस्कर अभिषेक को बेचने बारे स्वीकारा। वहीं आरोपियों पर हुडा सेक्टर 29 थाना में केस दर्ज करवाया है।

### पुलिस टीम ने लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी इलियास इसकी पत्नी वशीला व पुत्र नाजिम पर धारदार हथियार से हमला कर लूटपाट करने मामले में आठवें आरोपी सिवाह निवासी चांद को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस मामले में आरोपी छोटू राम चौक निवासी रोशन उर्फ मोटा, नलवा कालोनी निवासी जफर, विद्यानंद कॉलोनी निवासी अकरम, घसौली निवासी आसिफ, बापौली निवासी दिलशाद व मुबारिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस मामले में थाना चांदनी बाग में नाजिम की शिकायत पर केस दर्ज है।

### वाहन चोर गुजरात से गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने इनोवा गाड़ी चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी गुजरात के खेड़ा जिला के चकलासी गांव निवासी जितेंद्र भाई उर्फ चीका को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि थाना चांदनी बाग में 11 अक्तूबर 2019 को सेक्टर 12 निवासी राजेश मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत पर उनकी कार चोरी कर केस दर्ज है।

### मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया

**पानीपत।** पानीपत की असंध रोड पर कार्तिक, पवन, शुभम ने भोला शंकर उर्फ राहुल पुत्र गुलशन कुमार, मूल निवासी अंबाला हाल निवासी बत्रा कालोनी पानीपत को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, गुलशन की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली पेरलल नहर में युवक लापता

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में दिनेश निवासी गांव दीवाना का छोटा भाई रोहन आठ जून को दोपहर करीब एक बजे दिल्ली पेरलल नहर में स्नान करते हुए पानी में लापता हो गया। पुलिस ने नहर में रोहन की तलाश शुरू करवा दी और इस घटना के संबंध में सोनीपत पुलिस को जानकारी देकर सचेत कर दिया।

### मेंटल हेल्थ क्लब की स्थापना

**पानीपत।** मेंस मेंटल हेल्थ मंथ के तहत, मेधावी एसोसिएशन, पानीपत चेप्टर ने एक सत्र का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

---

#### यात्रा में भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने का आह्वान किया

# स्विट्जरलैंड में शिव-शक्ति केंद्र में होगी त्रिशूल स्थापना

**त्रिशूल का विधिवत पूजन कर पुण्य के भागीदार बनें : डा. नवीन नैन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि देवों के देव महादेव की कृपा से आराध्य ब्रह्मलीन सतगुरु प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी के आशीर्वाद से उनकी तपोस्थली झूसी प्रयागराज आश्रम में 144 वर्षों बाद आने वाले पावन पवित्र महाकुंभ में इस बार 108 त्रिशूलों का महापूजन 31 दिन तक करने के पश्चात एवं 12 त्रिशूलों के साथ 12 ज्योतिर्लिंग, 12 शक्तिपीठों एवं 4 धाम व 37 नदियों के स्पर्श-दर्शन एवं महापूजा के बाद भगवा त्रिशूल यात्रा का महाआयोजन 18 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के आयोजन के पश्चात 11 जून ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गांव भालसी, मडलौडा पानीपत व सात समुंदर पार विदेश की धरती पर श्री राजेश्वरी अम्मा मंदिर, स्विट्जरलैंड ,यूरोप में भगवान महादेव के सिद्ध त्रिसूल की स्थापना की जाएगी। डा. नवीन नैन भालसी ने अपील की है कि दिव्य यात्रा में भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करे और त्रिशूल के विधिवत पूजन कर पुण्य के भागीदार बने।

---

# सब्जी मंडी परिसर में माशाखोर के लिए बनेगा पक्का शेड

- निगम की बैठक में यह प्रस्ताव पारित करके पास किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए भाजपा नेता चेतन तनेजा आदि।

पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने सोमवार को सनौली रोड पुरानी सब्जी मंडी परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की। सब्जी विक्रेताओं द्वारा लम्बे समय से सब्जी बिक्री स्थान हस्तांतरण को लेकर पानीपत नगर निगम मेयर कोमल सैनी से लगातार स्थान न बदलने को लेकर मांग की जा रही थी। विज ने सब्जी विक्रेताओं की बात को ध्यान में रखकर मेयर और स्थानीय पार्षद अमित नारंग, कमल अरोड़ा और रॉकी गहलोत की रायशुमारी के पश्चात यह निर्णय लिया कि माशाखोर के सब्जी विक्रय का स्थान नहीं बदला जाएगा एवं जिस स्थान पर वह काम कर रहे हैं, उस स्थान की चारदिवारी कर पक्के शेड का निर्माण किया जाएगा एवं लाइट, बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध कराया जाएगा ।

विधायक विज ने कहा कि आने वाली निगम की बैठक में यह प्रस्ताव पारित करके पास किया जाएगा जिसके उपरान्त निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ होगी। विधायक प्रमोद विज एवं मेयर कोमल सैनी के इस निर्णय से माशाखोरों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस फैसले से उनका रोजगार बचा है जिसके लिए वे सभी जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हैं। विधायक प्रमोद विज ने सोमवार की सुबह अनाज मंडी के नजदीक स्थित नई सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान विज ने संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था समुचित ढंग से न होने पर उनपर फटकार लगाईं एवं सफाई व्यवस्था ठीक करने हेतु हर रोज झाड़ू लगाने एवं नियमित कूड़ा उठान और कचरा प्रबंधन हेतु कूड़ेदान रखवाने के निर्देश दिए वहीं व्यापारियों को कार्यस्थल पर बिजली एवं पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से हो, इस बारे में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। विज ने अपने कार्यक्रमों के क्रम में सनौली रोड पर आने वाले मानसून में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सड़क के दोनों ओर नाले की सफाई का निरीक्षण किया एवं नाले की शीघ्र सफाई हेतु आदेश दिया वहीं सनौली रोड से बिजली के खम्बों को पीछे हटाने का काम जल्द शुरू करने बारे भी बात की अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही यह कार्य भी शुरू किया जाएगा।

---

# कालेजों में दाखिला पंजीकरण की तारीख बढ़ाने की मांग की

- छात्रों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** इनसो जिलाध्यक्ष बलराज देशवाल नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए।

छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने शहर के राजकीय कालेजों और एसडी कालेज, आईबी कालेज, आर्य कालेजों में दाखिला पंजीकरण की तारीख बढ़ाने की मांग की है। इनसो के जिला प्रधान बलराज देशवाल एवं इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इनसो छात्र नेताओं ने बताया कि पानीपत के राजकीय और ऐडेड सभी 14 कालेजों में 15083 सीटो पर आनलाईन दाखिलों के लिए पंजीकरण 19 मई से शुरु हो चुका है जो आज 9 जून रात 12 बजे तक होगा जबकि जिले में 12वीं में हरियाणा बोर्ड में 10175 और सीबीएसई में 5650 विद्यार्थी पास हुए है, इस प्रकार से छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण व नेट सर्वर डाऊन होने के कारण कालेजों में दाखिलों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे है और पहले 2-3 पोर्टल भी सही नहीं चल पाया। इनसो छात्र नेताओं ने बताया कि अभी तक 40 प्रतिशत छात्र कॉलेजों में आवेदन ही नहीं करने आंए है सिर्फ 60 प्रतिशत छात्रों ने कालेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवांए है। इस अवसर पर पंकज चहल, युवराज सिंह, मनीष शर्मा, राकेश खर्ब, दिव्य सिंह, रितिक जैन मौजूद थे।

---

# पानीपत में 4.27 लाख पौधे रोपे जाएंगे

- एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिले में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का अनुरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत ।** एडीसी व निगम आयुक्त डा. पंकज अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को पानीपत प्रशासन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश को हरा, भरा बनाने के निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक के बाद अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने सम्बंधी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिले में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिले में 4 लाख 26 हजार 940 पौधे लगाए जाएंगे। 2 लाख 33 हजार 500 पौधे फ्री में वितरित किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों से जिले में लगाए जाने वालों वाले पेड़ों की क्वालिटी ,संख्या और लक्ष्य भी जाना। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए व उसका संरक्षण भी करना चाहिए।

निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गत वर्ष इस पहल के जिले में सकारात्मक परिणाम रहे हैं। इसमें सभी नागरिकों ने इस अभियान को बल देना है व इसे कामयाब बनाने के निर्देश दिए। जिले में पौधारोपण का लक्ष्य भी तय किया जाएगा। हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। निगम आयुक्त ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया कि वो एक पेड़ मां के लिए जरूर लगाए व साथ ही उसका संरक्षण भी करें। निगम आयुक्त ने कहा कि व्यापक स्तर पर पौधारोपण का उद्देश्य नागरिकों को सतत विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है। यह अभियान मातृत्व की भावना का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना भी है। इस मौके पर डीडीपीओ राजेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, वन रेंज अधिकारी जय किशन नैन, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कारण बहल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

---



पतंजलि व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग करते हुए नागरिक।

## योग करने से तन व मन स्वस्थ रहता है: अशोक

**पानीपत।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान एवं किसान पतंजलि के पद अधिकारियों द्वारा जिले में इन दिनों आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास करा रही है तथा हर जनमानस तक योग पहुंच जाए इसका निरंतर प्रयास किया जा रहा है । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में 21 जून के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रेषित पंजीकरण फार्म तथा मिस्ड कॉल के माध्यम से पंजीकरण भी कराया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आयोजन से जुड़ सके और योग के महत्व को समझ सके। पानीपत जिले में जगह जगह योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों की श्रृंखला में आज पतंजलि तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे सेक्टर 18 के पार्क में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 250 साधकों ने भाग लिया। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा तथा आयुष विभाग से नीलिमा योग विशेषज्ञ ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। जिसमें संदीप आयुष योग सहायक, रिशपाल योग सहायक तथा पतंजलि से योग शिक्षक मनोज जैन, सुभाष बजाज, योग शिक्षिका शीला जागलान, रेखा सेतिया ,सुमन वधवा, सिमरन बंसल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अर्जुन देव मुखीजा, रामपाल, अरविंद शर्मा, भूपेंद्र खिल्लन, जेपी गुलाटी, राममेहर कौशिक, बिजेंद्र, अशोक मित्तल, विनोद रावल, मंजीत, संदीप, संजय, सुभाष अरोड़ा, अंशुल बजाज, मीनू, रमेश बाली रमा, शीला, प्रीति, पुष्पा, राज व शेफाली उपस्थित रहे।

---

# जैन स्कूल सोसाइटी के प्रधान बने राजेश जैन

- पांचों पदों के लिए दो-दो उम्मीदवार चुनाव में खड़े थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जैन स्कूल सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन के साथ अन्य पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

पानीपत में करीब सौ वर्ष पुरानी जैन स्कूल सोसाइटी का चुनाव जीटी रोड स्थित जिनवाणी विद्या मंदिर स्कूल में हुए। वहीं चुनाव में राजेश जैन सात वोटों से जीतकर सोसायटी के प्रधान निर्वाचित हुए है। जबकि उप प्रधान लोकेश जैन, प्रबंधक विपुल जैन, सह प्रबंधक दिनेश कुमार जैन और कोषाध्यक्ष राजेश कुमार जैन निर्वाचित हुए। वहीं, पांचों पदों के लिए दो-दो उम्मीदवार चुनाव में खड़े थे। ये चुनाव तीन वर्षों बाद होते हैं। इधर, पांचों पदों के लिए 148 में से कुल 140 लोगों ने मतदान किया। दूसरी ओर, सह प्रबंधक बने दिनेश कुमार ने लगातार पांचवीं बार जीत हासिल की।

दिनेश सन 2004 से 2013 तक कोषाध्यक्ष रहे। जबकि वर्ष 2013 से 2025 तक सह प्रबंधक रहे। दूसरी ओर, नवनिर्चाचित अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि जैन स्कूल सोसायटी की तरक्की के लिए वे सभी को साथ लेकर चलेंगे।

---



**पानीपत।** श्री राम सेवा दल नूरवाला के प्रधान हरबंस आनंद को सम्मानित करते हुए बाल संस्कार चेतना कैंप के आयोजक। फोटो :हरिभूमि

## बच्चों को सनातन संस्कार दें : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा बाल संस्कार चेतना शिविर के नौवें दिन भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों को देश भक्ति से अवगत कराया गया। वहीं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों एवं श्री राम सेवा दल महिला विंग का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि बच्चों को सनातन संस्कार देने चाहिए। श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, महिला विंग की प्रधान पायल वधवा एवं युवा विंग के प्रधान अविनाश पुनानी ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर कर सम्मान किया। श्रीराम सेवा दल के सिमरन पुनानी, हिमानी आनंद, ज्योति आनंद, गीतांजलि आनंद, काजल, डिप्पल आनंद, नेहा पुनानी, दामिनी, प्रीति शर्मा, कंचन डूमरा, प्रीति सपडा, शिल्पा, राधे श्याम पाहुजा, गरीमा नवीन, सिद्धार्थ, राकेश आनंद, पुनीत छोकरा, राजन छोकरा, विक्की सोनी, तिलक राज छौक्करा, कमल छाबडा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---



**समालखा।** गुरूद्वारा नानक दरबार साहिब की कमेटी के प्रधान जगतार सिंह।

## गुरूओं की शिक्षाओं का जीवन में पालन करें नागरिक

**समालखा।** गुरूद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में छठे गुरु श्री हरगोबिंद साहिब का 530वां प्रकाश पर्व समूह संगत द्वारा मिलजुल कर 12 जून को बड़ी श्रद्धा-संत्कार के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में धार्मिक दीवान सजाए जाएंगे। जिसमें अमृतवाणी सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि श्रीगुरुजी के अनुसार धर्म की रक्षा पाठ, भक्ति, सिमरन से नहीं की जा सकती, धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र वीरता साहस की आवश्यकता है। गुरुजी ने कृपाण उठायी, जुल्म के खिलाफ जंग, संघर्ष किया। गुरूओं की शिक्षाओं का जीवन में पालन करें। 52 पहाड़ी राजाओं को मुगलों से आजाद कराया व अत्याचार के खिलाफ युद्ध लड़ा। बिल्ला ने बताया कि हर गोविंद जी ने मुगलों के अत्याचारों से पीड़ित अनुयायियों में इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास पैदा किया। मुगलों के विरोध में गुरु हर गोविंद सिंह ने अपनी सेना संगठित की और अपने शहरों की किलेबंदी की। उन्होंने 'अकाल बुंगे' की स्थापना की।'बुंगे' का अर्थ होता है एक बड़ा भवन जिसके ऊपर गुंबज हो। उन्होंने अमृतसर में अकाल तख्त (ईश्वर का सिंहासन, स्वर्ण मंदिर के सम्मुख) का निर्माण किया। इस अवसर पर श्याम सिंह, गुरजीत सिंर हिमांशु भोला,जीवन सिंह,तिलक चौपड़ा आदी मौजूद थे।

---

#### हरियाणा में कानून व्यवस्था चरमराई : उदयभान

# बिजेंद्र हत्याकांड की जांच सिटिंग जज की निगरानी में होनी चाहिए : दीपेन्द्र हुड्डा

**दीपेन्द्र हुड्डा ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा आदि दिवंगत किसान बिजेंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो :हरिभूमि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने निजामपुर गांव के किसान बिजेंद्र संधू के निवास पर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संविधान और कानून के दायरे में शायद ही ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलेगा, जहां मृत्युपूर्व बयान के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित किसान परिवार की साथ भारी अन्याय हुआ है। पीड़ित किसान परिवार ही नहीं लोगों का भी मानना है कि सत्ता में बैठी भाजपा से आरोपी कंपनी की करीबी है। कंपनी द्वारा पिछले कई महीनों से प्रशासन से मिलीभगत करके किसानों का हक मारा जा रहा था और जब अन्याय चरम पर पहुंचा तो यह घटना घटी। इस तरह की गुंडागर्दी और धक्काशाही और का उदाहरण पूरे प्रदेश में नहीं मिलेगा। जनता में ये धारणा है कि सत्तारुढ़ दल से आरोपी कंपनी की नजदीकी है। इसलिये प्रशासन से मिलीभगत करके किसानों के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। मौजूदा प्रशासन से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं है। उन्होंने मांग करी कि तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी हो और हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच हो। ताकि पूरे मामले में सबकी भूमिका सामने आये और पता चले कि आरोपियों के तार कहां कहां से जुड़े हैं। हरियाणा में कानून व्यवस्था चरमराई। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर बाल्मिकी, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, पूर्व विधायक राकेश कंबोज, महेंद्र कादयान, वीरेंद्र पाल शाह, सचिन कुंडू, खुशीराम आदि मौजूद रहे।

**हर स्तर पर आवाज उठायेंगे**

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रशासन या सत्तारुढ़ दल ये न समझे कि पीड़ित परिवार अकेला है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा हम चुप नहीं बैठेंगे। हम हर स्तर पर आवाज उठायेंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा पीड़ति परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ति परिवार को न्याय दिलाना सर्वोपरि है। इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि दो जून को किसान निजामपुर गांव के किसान बिजेंद्र संधू की वीभत्स हत्या हुई थी। मरने से पहले मृतक किसान ने बयान दिया है लेकिन बीजेपी सरकार के लिए शर्म की बात है कि वो अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। कंपनी के कर्मचारी या मालिक से भी कोई पूछताछ नहीं हुई न तो प्रशासन ने पीड़ति किसान परिवार की कोई सुध ली। प्रशासन से सारे नियमों को ताख पर रखकर कंपनी की मदद की। कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। प्रदेश में संविधान और लोकतांत्रिक शासन की किस तरह बदहाली हो चुकी है ये घटना उस बदहाली की जीती-जागती तस्वीर है। उसमें मुख्यमंत्री के दफ्तर तक तार जुड़े होने की आशंका दिखाई देती है।

## खबर संक्षेप

### गांव मनूमाजरा से युवक लापता

**बराड़ा।** गांव मनूमाजरा से एक युवक के लापता होने कर मामला सामने आया है। गांव के रहने वाले मामचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र सरवर 3 जून 2025 को रोजगार की तलाश में घर से निकला था लेकिन तब से अब तक वापस नहीं लौटा है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

### मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला लापता

**अंबाला।** मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। वह 6 जून की शाम को बिना कुछ बताए घर से निकल गई थी। जिसके बाद वह अब तक वापस नहीं लौटी है। अब पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर की कमलेश वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी दादी गेंदाई देवी जिनकी उम्र करीब 80 साल है, बिना कुछ बताए घर से लापता हो गई। जिसके बाद आस-पड़ोस और रिश्तेदारों में काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार तीन घायल, केस

**अंबाला।** एक कार ने स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया है। जिसके बाद पुलिस भी सूचना पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया है। नारायणगढ़ के गुलशन कुमार ने बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन पिंकी की गांव जमालपुर जिला यमुनानगर में पवन कुमार के साथ शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि 7 जून की शाम वह और उसकी बहन और उसके बेटे को साथ लेकर जमालपुर जा रहा था।

### 1.51 किलो ग्राम चरस के साथ बाइक सवार दबोचा

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव चाबरी ओवरब्रिज नेशनल हाइवे 352ए के निकट बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर एक किलो 51 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपित चरस बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव चाबरी नेशनल हाईवे 352ए ओवरब्रिज के निकट एक बाइक सवार व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**कैथल।** हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे के पास सेगा गांव में पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में इस 22 वर्षीय युवक मुकेश उर्फ संजू की मौत हो गई। जैसे ही लोगों ने युवक का शव देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। तितरम थाना में दी गई शिकायत में संजू के चाचा बरेली निवासी पाती राम ने बताया कि उसका भतीजा संजू कुछ वर्ष पहले काम की तलाश में हरियाणा के कैथल में आया था।

### आश्रम में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना व सीआईए नरवाना की पुलिस टीम ने आश्रम से नकदी, फोन व अन्य सामान चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कर्मगढ़ निवासी दलबीर के रूप में हुई है।

## दिशा की मीटिंग से कई अधिकारी गैरहाजिर, अधूरे रिकॉर्ड के साथ पहुंचे अफसर

# गैरहाजिर अधिकारियों को शीघ्र कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

सांसद वरूण चौधरी व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय की मौजूदगी में बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। मीटिंग के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते सांसद। फोटोः हरिभूमि

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन पंचायत भवन अंबाला शहर में किया गया। इसकी अध्यक्षता लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने की। इस बैठक में सह अध्यक्ष के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसदों ने जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते कहा कि योजनाओं का उद्देश्य आम जनता का जीवन स्तर उठाना है और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों को शोकाज नोटिस देने तथा कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिन अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बधिंत आधी अधूरी जानकारी तथा अधूरे आकड़े प्रस्तुत किए उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अमृत 2.0 परियोजना के तहत पानी व सीवरेज लाठन से जुड़े प्रोजेक्ट के कार्य की विजिलेंस इंन्क्वारी करवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ-साथ समिति ने नगर निगम के तहत खरीदी गई 28 हजार स्ट्रीट लाइटों की जांच करने के निर्देश दिए। सांसदों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना, अमृत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृति, बेटी बचाओं बेटी पढाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन, समग्र शिक्षा, बाल सरंक्षण एवं सुरक्षा योजना, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, आयुष्मान भारत डिजीटल योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के साथ-साथ दूसरी योजनाओं को लेकर भी समीक्षा की। सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभाग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। जिससे की पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा जैसी योजनाओं के अन्तर्गत चल रहें विकास के कार्यों के सूचनापट्ट अवश्य लगाएं जाएं। जिसके साथ ही उन्होनें यह भी कहा कि विकास कार्यो की वेरिफिकेशन के लिए भी जिम्मेवारी सम्बधिंत अधिकारी की तय की जाए। उन्होनें यह भी कहा कि डॉयल 112, सीपीग्राम की जानकारी भी जिला की वेबसाइट पर होनी चाहिए।

### गुणवत्ता सुनिश्चित करें

सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का विशेषतौर पर ध्यान रखा जाए और इस बारे में लोगों को भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जब हम अपने आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखेगें तो हम बीमारियों से भी दूर रहेंगे। उन्होनें यह भी कहा कि 4-5 गांवों का एक कलस्टर बनाकर कूड़े का सही प्रकार से निष्पादन किया जाए। उन्होनें नारायणगढ़ ब्लॉक में पायलट बेस पर 7 गांवों के एक कलस्टर में शुरू किए गए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिला में इस प्रकार के कलस्टर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि गोबरधन परियोजना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वे कलस्टर स्तर पर छोटे ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब्ध करवाएंगें। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि लगभग 6 घंटे निगरानी समिति की बैठक हुई है। जिसमें अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए हैं।



अंबाला। समर कैंप के समापन अवसर पर बीके बहनों के साथ छात्र।

## योग से छात्रों को रिलेक्स रहने के टिप्स बताए

- ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे डिवाइन किड्स समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम दयाल बाग में चल रहा डिवाइन किड्स समर कैंप का सोमवार को समापन हो गया। सब जोन डॉयरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में समापन समारोह हुआ। यह कैंप 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए था। इसका उद्देश्य विशेष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास रहा। इसमें बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें और अच्छा महसूस कराएं सिखाना तथा तनाव भरे माहौल में सदा रिलेक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना रहा। समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार डांस, संगीत, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट और मेमोरी पॉवर इनक्रीस आदि विभिन्न गतिविधियों को सीख कर अपनी-अपनी प्रतिभा और कौशल का विकास किया। इसी के साथ बच्चों को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया।

अंतिम दिन उद्योगपति डॉक्टर अनिल जैन की उपस्थिति में पर्यावरण दिवस मनाते हुए सभी बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ साथ पौधे भी उपहार के रूप में दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था का संसार को साफ़ सुथरा रखने में विशेष योगदान रहता है। ये बहनें बाहरी गंदगी की सफाई के साथ साथ इंसान की आंतरिक सफ़ाई अर्थात आत्मा की सफ़ाई का कार्य भी करती हैं।

### ये रहे मौजूद

इस कैंप में फैकल्टी मेंबर के रूप में राजयोगिनी बीके प्रीति दीदी, राजयोगिनी बीके शैली दीदी, डॉ अनमोलिका, ज्योति बत्तरा, शिवसी हांडा, जसमिता हांडा, नवीनता तलवार व अंजू शर्मा राजयोगी बीके करण भाई, राकेश मेहता, राजवीर व सुनील भाई मौजूद रहे।

## दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

- बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कोर्स को लेकर भी छात्रों का रुझान बढ़ा, बीबीए के लिए भी आ रहे भारी आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जीएमएन कॉलेज में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज में स्नातक के 13 कोर्स की 930 सीट पर दाखिला होगा। 13 कोर्स में से सबसे ज्यादा बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ रही है।

इसी तरह बीसीए और बीबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी सीट के मुकाबले ज्यादा आवेदन पहुंच रहे हैं। जिले के कॉलेजों 9 जून आवेदन का आखिरी दिन है। यह तारीख आगे बढ़ने की उम्मीद है। आवेदन को कॉलेजों में स्टाफ की ओर से सत्यापित भी किया जा रहा है। कॉलेज के दाखिला नोडल अधिकारी प्रोफेसर श्याम रहेजा ने बताया कि कॉलेज में प्रोफेशनल कोर्स की ज्यादा मांग है। इन कोर्स में बीबीए, बीसीए, बीसीए आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस कोर्स शामिल हैं। इसी तरह बीए व बीकॉम में भी अभ्यर्थी रूचि दिखा रहे हैं। कॉलेज में कुल 1200 से ज्यादा आवेदन शनिवार तक पहुंच चुके थे। कॉलेज में फार्म को भी सत्यापित किया जा रहा है।

### दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह

कॉलेज में दाखिले को लेकर अभ्यर्थियों में काफी उत्साह है। इस बार स्नातक कोर्स में आवेदन की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। प्रोफेशनल कोर्स की मांग भी पिछले वर्षों के मुकाबले बढ़ी है।
-डॉ. रोहित दत्त,
प्राचार्य, जीएमएन कॉलेज

### इन कोर्स में इतनी सीट पर होगा दाखिला

| कोर्स | सीट |
|---|---|
| बीए | 240 |
| बीकॉम जनरल | 80 |
| बीकॉम सेल्फ फाइनांस | 80 |
| बीबीए | 120 |
| बीसीए जनरल | 120 |
| बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | 60 |
| बीकॉम ऑनर्स | 30 |
| बीकॉम सीएवंवी | 30 |
| बीए अंग्रेजी ऑनर्स | 30 |
| बीए ऑनर्स राजनीति शास्त्र | 30 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 30 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 80 |

## भाजपाई हर बूथ पर बीस पौधे रोपित करेंगे

- बिहार के पूर्व मंत्री बिंद बोले भारत रखता है पूरे विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। बिहार के पूर्व मंत्री बिंद का अभिनंदन करते भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

भाजपा की जिला इकाई की बैठक आज जिला कार्यालय 'अंब कमल' में संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने बैठक अध्यक्षता की। बैठक में विशेष रूप से बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री बृज किशोर बिंद और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया उपस्थित रही। बैठक में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के पर /"ग्यारह साल बेमिसाल/" कार्यक्रम के तहत चर्चा की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री बृज किशोर बिंद ने कहा कि यह भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। देश और देशवासियों का आत्म निर्भर व सशक्त बनाने से लेकर देश की सैन्य शक्ति को बढ़ाने तक का सफर पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रभक्ति के साथ किया है। कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्षों में आमजन की जीवन न केवल सरल है, बल्कि सुखमयी बना है। प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदर्श छवि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और उनकी सरकार की उपलब्धियों से प्रभावित है। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे सफल ऑपरेशन का उल्लेख किया, जिसने पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर किया। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया, जिन्होंने देश के गरीब और वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाया है। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि 5 जून से 15 अगस्त तक पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा जिसमे हर बूथ पर 20 पौधे लगाए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने सभी मंडलों के मंडल संयोजकों 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के साथ बातचीत की। उन्होंने आगामी /"ग्यारह साल बेमिसाल/" कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की जो केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाएंगे। उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी । राणा ने उन्हें कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा ऋचा पाहवा, अरुण भान, मोर्चो के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।

## वार्ड नंबर 5 में ट्यूबवेल का निर्माण प्रारंभ

- राफेल की तरह बुलंदियां छुएगा अंबाला : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल का अभिनंदन करते डिप्ट मेयर राजेश मेहता व अन्य। फोटोः हरिभूमि

अम्बाला शहर में विकास के पहिए की रफ्तार निरंतर बढ़ती जा रही है। आए दिन शहर के विभिन्न वार्डों में ऐसे विकास कार्य करवाए जा रहे हैं जिनका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। इसी कड़ी में सोमवार को भी वार्ड 5 में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य आरंभ करवाया गया। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने डिप्टी मेयर राजेश मेहता भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद और दिनेश लदाना व इलाका वासियों की मौजूदगी में ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य शुरु करवाया। इसके साथ ही इलाके में पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए पाइपलाइन डालने के कार्य की भी शुरुआत की गई। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी,सीएम नायब सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला यूं ही विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह अंबाला के आकाश में राफेल उड़ता है इसी तरह अंबाला का विकास भी बुलंदियों को छुएगा।

### जताया आभार

इसके साथ ही डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने भी अपने वार्ड में हो रहे विकास कार्यों के लिए सीएम नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार जताया। डिप्टी मेयर ने बताया कि गर्मी के मौसम में इलाके की पानी की समस्या उन्होंने पूर्व मंत्री असीम गोयल के समक्ष रखी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए इलाके को यह सौगात दी गई। भविष्य में उनके क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या नहीं होगी। बता दें कि बीते रोज बलदेव नगर इलाके में फ्लाईओवर के नीचे बनने वाली पार्किंग,वर्टिकल गार्डन के कार्य की शुरुआत भी की गई थी।

## मेयर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। मेयर शैलजा सचदेवा का अभिनंदन करते कारोबारी। फोटोः हरिभूमि

नगर निगम अंबाला की मेयर शैलजा सचदेवा एवं उनके पति मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा पुरानी अनाज मंडी स्थित सुशील गोयल (पानीपतियां) के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के आदेश दिए। यहां पहुंचने पर उनका परिवारजनों व साथियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उनके विचारों को सुनने के लिए पहुंचे। कुछ लोगों ने मेयर के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं जिन्हें सुनने के उपरांत उन्होंने उनका शीघ्र निवारण करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच आकर आपकी समस्याओं का निराकरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पुनीत जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र नवकार से हुआ। इस अवसर पर पुरानी अनाज मंडी के व्यापारीगण, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## बेहतर तरीके से हो साफ-सफाई

- कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यशाला शामिल हुए ग्राम सचिव, पंचायत अधिकारी, टास्क फोर्स, ब्लॉक कोर्डिनेटर व अन्य संबंधित से स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहें कार्यों की जानकारी हासिल की। इस दिशा मे और बेहतर कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला परिषद् अंबाला के डिप्टी सीईओ राजन सिंगला ने मुख्यातिथि का यहां पहुंचे पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में जो भी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है और वहां पर श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आनाजाना रहता है, ऐसे स्थलों की ओर विशेषतौर पर ध्यान दिया जाए। दिनेश कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन शर्मा, विशाल सिंगला, शिव कुमार, रजत मलिक मौजूद रहे।

### पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें

सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जब से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गई तब से पूरे देश और हरियाणा मे भी स्वच्छता को लेकर लोगो की उम्मीदें व अपेक्षा ओर ज्यादा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अभियान के तहत जिन-जिन अधिकारियों की जो ड्यूटी लगाई है वह इसमें पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। स्वच्छता अभियान के तहत जो शौचालयों व इस मिशन से जुड़े अन्य कार्य किए जाने है वह सभी कार्य बखूबी पूरे किए जाएं। स्वच्छता के इस कार्य मे संबंधित अधिकारी की पूरी तरह जवाबदेही होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान को लेकर प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों के साथ मिटिंग शुरू की गई है।उन्होंने कहा कि इन कार्याशालाओं को आयोजित करने का उद्धेश्य है स्वच्छ भारत मिशन के तहत जो हमारी उपलब्धियां है उनकी हमें जानकारी होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1 जून से स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की घोषणा की है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 8.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के दृष्टिगत सोमवार को वीसी के माध्यम से उपायुक्तों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत राज्य में पेड़ों के लगाए जाने को लेकर तैयारियां बारे जिलेंवार विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बैठक कि अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पेड़-पौधों को लगाए जाने को लेकर किए जा रहें कार्य एवं तैयारियां बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने इस अभियान के तहत जिलेवार निर्धारित लक्ष्यों, पौधों कि उपलब्धता को लेकर अधिकारियों से बातचीत की।

### पौधो की संख्या जिले की 11 नर्सरियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

एसडीएम दर्शन कुमार ने वीसी के दौरान मुख्य सचिव को अवगत करवाते बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत अंबाला में आठ लाख पचास हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर प्राथमिकता के आधार पर सभी तैयारियां की जा रही है। लक्ष्य के अनुसार पौधो की संख्या जिले की 11 नर्सरियों में पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। अभियान के तहत पौधे लगाने, स्थानों का चयन व अन्यों कार्यो बारे निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम दर्शन कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो बारे विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष के लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्यों को पुरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे अनूठी व सार्थक पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य मे प्रशासन के साथ-साथ जन सहयोग बेहद आवश्यक है। डीएसपी विजय कुमार, डीएफओ राजेश कुमार माथुर, एसडीओ लोक निर्माण विभाग करण सिंह, एसडीओ जिला परिषद् अमन, कृषि विभाग से एसए अनामिका व एएसओ मनजीत कौर भी मौजूद रही।